प्रस्ताव **1** विशिष्ट आवास सहायता कार्यक्रमों को वित्तपोषित करने के लिए बांड्स को अधिकृत करता है। विधायी कानून।

## ★ प्रस्ताव 1 के पक्ष में तर्क ★

प्रस्ताव 1 के लिए हाँ का अर्थ उस गहरे आवास-संबंधी संकट से एक राहत होगा, जो California वासियों को व्यथित कर रहा है और सेवानिवृत्त सैनिकों, परिश्रमी परिवारों, वरिष्ठ-नागरिकों, और दिव्यांग-व्यक्तियों पर सबसे अधिक बुरा प्रभाव डाल रहा है।

केवल प्रस्ताव 1 ही ऐसा प्रस्ताव है जो अधिक किफायती घरों का निर्माण करके आवास की कमी का प्रत्यक्ष रूप से समाधान करता है—वो भी कर बढ़ाये बिना।

1 के लिए हाँ का अर्थ है सेवानिवृत्त सैनिकों के लिए आवास, और सबसे अधिक संघर्ष कर रहे व्यक्तियों को निम्नलिखित कार्य करते हुए सहायता प्रदान करना:

- सेवानिवृत्त सैनिकों को घर खरीदने में समर्थ करने हेतु $1 बिलियन निवेश करना
- आवासहीन बच्चों और परिवारों के लिए नए, आपातकालीन आवास का निर्माण करना
- नौकरीशुदा परिवारों के लिए बहु-परिवार आवास का निर्माण करना और आवास-स्वामित्व के अवसर उत्पन्न करना
- दिव्यांग-व्यक्तियों और घरेलू हिंसा से पीड़ित व्यक्तियों के लिए नया सहायक आवास उत्पन्न करना

"एक साथ, हम पूर्व फोस्टर किशोरों और कम-आय वाले वरिष्ठ नागरिकों सहित अन्य ज़रूरतमंद व्यक्तियों की सहायता करने हेतु किफायती आवास बना सकते हैं।"—*सीनेटर Jim Beall, प्रस्ताव 1 के लेखक, सीनेट परिवहन व आवास समिति के अध्यक्ष।*

सेवानिवृत्त सैनिकों को आवास के साथ सम्मानित करना

प्रस्ताव 1 के लिए हाँ का अर्थ है CalVet आवास ऋण कार्यक्रम के अधीन सेवानिवृत्त सैनिकों के लिए नए आवास और आवास-स्वामित्व के अवसर प्रदान करते हुए केवल सेवानिवृत्त सैनिकों के आवास को $1 बिलियन समर्पित करना, जिसकी वजह से 423,000 सेवानिवृत्त सैनिकों और उनके परिवारों को सहायता मिली है। प्रस्ताव 1 सेवानिवृत्त सैनिकों को सेवा से वापिस आने के बाद उनके लिए एक घर मौजूद होने में सहायता करके उन्हें सम्मानित करता है।

California में राष्ट्र के आवासहीन सेवानिवृत्त सैनिकों की सबसे अधिक संख्या है, और अगले एक दशक में Iraq और Afghanistan में सेवा प्रदान कर चुके सेवानिवृत्त सैनिकों में इस आवासहीनता के बढ़ने की उम्मीद है। अपनी सेवा पूरी कर लेने के बाद निरंतर चिकित्सीय व मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों के साथ संघर्ष कर रहे सेवानिवृत्त सैनिकों में दीर्घकालिक आवासहीनता होने का अधिक खतरा है।

"एक सुरक्षित, स्थायी, किफायती घर ही वह साधन है जिसके माध्यम से हम सभी पीढ़ियों के सेवानिवृत्त सैनिकों और उनके परिवारों को जीवन-भर सहायता प्रदान कर सकते हैं। सेवानिवृत्त सैनिकों के लिए किफायती आवास उनके दिए गए बलिदानों से संभव हुए अमेरिका के स्वप्न में भाग लेने के लिए अवसर पैदा करता है।"—*Gerald G. Wilson, पूर्व राज्य सेनाध्यक्ष, America के दिव्यांग सेवानिवृत्त सैनिक, California विभाग।*

परिश्रमी परिवार अपने कार्य करने की जगह पर रहते हैं

प्रस्ताव 1 नर्सिंग सहायकों, किराने के स्टोर्स के क्लर्कों, और शिक्षण सहायकों जैसे परिश्रमी व्यक्तियों के लिए किफायती घरों का निर्माण करेगा, ताकि उन समुदायों में रहते हुए भी जहाँ वे काम करते हैं, उनके पास किराने और बाल-देखभाल के लिए धन उपलब्ध हो।

आवासहीनता के संकट को कम करना

प्रस्ताव 1 हमारे आस-पड़ोस के इलाकों में बढ़ रही आवासहीनता का समाधान करेगा। अत्यंत गरीब परिवार गाड़ियों में रह रहे हैं, और अत्यधिक संकुलित आवासों में दो या तीन परिवार भी रह रहे हैं। जिन परिवारों के पास कोई और विकल्प नहीं होता है, वे भीड़-भाड़ वाले आश्रयों में चले जाते हैं।

घरेलू हिंसा से पीड़ित व्यक्तियों के लिए सुरक्षित, किफायती आवास

"घरेलू हिंसा छिपी हुई होती है, अक्सर अनदेखी, जो कई पीड़ितों और उनके बच्चों को असुरक्षित परिस्थितियों में रहने के लिए मजबूर करती है। आपातकालीन आश्रय माँग पूरी नहींकर सकते हैं और आवासीय संकट आघात को और अधिक प्रबल कर देता है। एक स्थायी, किफायती घर में रहने का सामर्थ्य उत्तरजीवियों और उनके परिवारों को सुरक्षा और आराम प्रदान करता है।"—*Kathy Moore, घरेलू हिंसा समाप्त करने के लिए कैलिफोर्निया प्रतिभागिता.*

आर्थिक प्रोत्साहन

प्रस्ताव 1 से अपेक्षा है कि यह हज़ारों नौकरियाँ उत्पन्न करेगा और California की अर्थव्यवस्था में तेज़ी लाएगा। व्यवसायों के अग्रणी 1 के लिए हाँ कहते हैं क्योंकि California को आवश्यक रूप से हमारी श्रमिक संख्या के लिए अधिक किफायती स्थानों का निर्माण शुरू करना होगा और राज्य को आर्थिक रूप से प्रतिस्पर्धात्मक बनाये रखना होगा।

व्यापक सहायता

सेवानिवृत्त सैनिक, Habitat for Humanity, घरेलू हिंसा के उच्चजीवी, वरिष्ठ-नागरिक, व्यवसायिक और स्वास्थ्य-देखभाल अग्रणी यह स्वीकार करते हैं: प्रस्ताव 1 हमारे समुदायों के लिए आवश्यक किफायती आवास का निर्माण करने में सहायता करता है।

*www.vetsandaffordablehousingact.org*

**GERALD G. WILSON,** पूर्व राज्य सेनाध्यक्ष
अमेरिका के दिव्यांग सेवानिवृत्त सैनिक, California विभाग

**SHARON ELLIS,** अध्यक्ष
Habitat for Humanity California

**GARY PASSMORE,** अधिपति
Congress of California Seniors

## ★ प्रस्ताव 1 के पक्ष में तर्क के खंडन ★

प्रस्ताव 1 के तहत, बांड बेचकर उधार लिए जाने वाले $4 बिलियन की धनराशि ऐसे अनेकों प्रकार के कार्यक्रमों के लिए दी जाएगी, जो पुनरावृत्त उपयोग के लिए पैसों का पुन:भुगतान कर भी सकते हैं और नहीं भी।

इन कार्यक्रमों का उद्देश्य California में बहुत सीमित लोगों के लिए आवास की कमी को कम करना है। इनसे कई गुना बड़े समाधानों की आवश्यकता है। आइएहम राज्य कार्यालय के उम्मीदवारों से उनके प्रस्ताव के बारे में पूछते हैं।

एक बहुत बुरा प्रस्ताव

इसी वर्ष कुछ समय पहले, California में कॉर्पोरेट कार्यकारियों ने बड़े निर्माणकर्ताओं को किसी ट्रांज़िट हब से आधे मील के अंदर या पहले से मौजूद या बाद में बनाये गए बस स्टॉप से एक चौथाई मील की दूरी के अंदर हर जगह पर बहु-मंज़िली एपार्टमेंटों और कोंडोज़ का निर्माण करने से रोकने के लिए राज्य कानून *(सीनेट बिल 827)* पर शहरों और काउंटीज़ को प्राधिकरण से वंचित करने के लिए दबाव डाला था।

बिल के तहत ऑनसाइट पार्किंग स्थानों की आवश्यकता भी नहीं हो सकती!

उदाहरण के लिए, San Francisco का 90% से अधिक भाग, ऐसी अधिरोपित बहु-मंज़िलों के अधीन होगा।

सावधान रहें: भले ही अप्रैल में *सीनेट बिल 827* अनुमोदित नहीं हुआ था, लेकिन नवंबर 2018 के चुनाव के पश्चात और आपको पता चलने से पहले *SB 827* (या समरूप बिल) पारित करके एक कानून बनाया जा सकता है।

तब प्रस्तावित कानून को केवल एक राज्यव्यापी जनमत (पेटिशन और फिर मतदान) द्वारा ही रोका जा सकेगा।

एक बेहतर उपाय निम्नलिखित है:

जहाँ उचित हो इन-फिल आवासों का निर्माण करना, अन्यथा नए व्यापार केंद्रों को केवल उन क्षेत्रों तक ही सीमित करना जिनमें निकटतम नए आवासों के लिए जगह है।

तब कई कर्मचारी काम पर चलकर, रस्सी कूदकर, स्केटिंग करते हुए या बाइक पर जा सकेंगे।

**GARY WESLEY**



*इस पृष्ठ पर मुद्रित तर्क लेखकों के अपने विचार हैं, और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनकी जांच नहीं की गई है।*

## ★ प्रस्ताव 1 के विरुद्ध तर्क ★

यह एक अन्य सामान्य दायित्व बांड उपाय है। यह California राज्य के लिए "बांड" बेचकर अधिक धनराशि उधार लेने हेतु मतदाताओं की अनुमति माँगता है, जिनका आने वाले दशकों में ब्याज समेत पुन:भुगतान (*सभवत: उच्च संपत्ति कर के ज़रिए*) करने की आवश्यकता होगी। मैं *"संभवत:"* इसलिए कह रहा हूँ क्योंकि कई बार बांड मुनाफों का प्रयोग निधि प्रदान करने के लिए किया जाता है, परंतु पुन:भुगतान प्राप्तकर्ताओं द्वारा किया जाता है—जैसे कि पूर्व Cal-Vet गृह-खेत ऋण कार्यक्रम के तहत गृह-स्वामियों द्वारा।

बांड उपाय विभिन्न प्रश्न सामने लाते हैं:

1. सरकार पहले से ही कितनी ऋणी है?
2. जनता के लिए उपाय की कुल अनुमानित लागत कितनी है?
3. क्या धनराशि के प्रस्तावित उपयोग निर्दिष्ट किए गए हैं?
4. क्या प्रस्तावित उपयोग न्यायोचित हैं—आवश्यक या वांछित अन्य चीज़ों को देखते हुए?
5. क्या मतदाताओं को उच्च संपत्ति करों के ज़रिए परियोजनाओं को निधि प्रदान करना जारी रखना चाहिए, जबकि California की संपत्ति कर व्यवस्था इतनी अनुचित है?

*CALIFORNIA की संपत्ति कर व्यवस्था अनुचित है*

1978 में California मतदाताओं ने एक मतदाता पहल को स्वीकृत किया-जिसे प्रस्ताव 13 कहा जाता है। इस पहल ने California के संविधान में कुछ प्रावधान शामिल किए, जिनके तहत जब तक संपत्ति बेची या मूल रूप से पुन:निर्मित नहीं की जाती है, तब तक वास्तविक संपत्ति का *"पुन:मुल्यांकन"* नहीं किया जाएगा।

प्रस्ताव 13 ने वास्तविक संपत्ति मालिकों की उच्च संपत्ति मूल्यों पर आधारित अनुचित कर में बढ़ोतरी से सुरक्षा की है; परंतु इसने एक ऐसी व्यवस्था भी तैयार की है जिसमें नए घर-खरीदार अपने पड़ोसियों से 10-20 गुना ज्यादा भुगतान करते हैं, जिनकी संपत्ति का मूल्य भी बराबर है पर संपत्ति को काफी समय पहले प्राप्त किया गया था।

इसके अलावा, चूँकि व्यापारिक संपत्ति बेचने के बजाए किराए पर दी जा सकती है और अक्सर दी भी जाती है, इसलिए प्रस्ताव 13 के परिणामस्वरूप समग्र संपत्ति कर का भार कारोबारों से लेकर घर के मालिकों के सिर पर आ गया है।

मतदान उपाय के प्रस्तावकों को यह समझाने का भार वहन करना होगा कि इस प्रस्ताव को समर्थन क्यों दिया जाए—संपूर्ण लागत, उपलब्ध विकल्पों और अन्य ज़रूरतों और आवश्यकताओं को देखते हुए।

इस मामले में प्रस्तावकों को उपरोक्त 1-5 प्रश्नों का उत्तर देने के लिए अपने खंडन का उपयोग करना होगा।

**GARY WESLEY**

## ★ प्रस्ताव 1 के विरुद्ध तर्क के लिए खंडन ★

प्रस्ताव 1 California के गंभीर आवास संकट को संबोधित करने के लिए अत्यावश्यक है।

सेवानिवृत्त सैनिक, नौकरीशुदा परिवार, आवासहीनता से ग्रस्त लोग, वरिष्ठ-नागरिक, दिव्यांग व्यक्ति, घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाएं और अन्य कई लोग आवास के शुल्क वहन करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

हमारे देश की सेवा करने के पश्चात घर लौटने वाले सेवानिवृत्त सैनिक रहने योग्य घर खरीदने के खर्च को नहीं उठा सकते हैं।

नर्सिंग सहायक और किराने के स्टोर्स के क्लर्क जैसे परिश्रमी लोग, और निश्चित आय वाले सेवानिवृत्त बुजुर्ग अपने घरों में रहने के लिए प्रत्येक महीने संघर्ष करते हैं।

हमें बस इन California वासियों के लिए अधिक सुरक्षित, किफायती आवास शामिल करने चाहिए—और प्रस्ताव 1 यही कार्य करेगा।

*प्रस्ताव 1 के लिए हाँ से सुरक्षित, किफायती आवास शामिल होंगे—वो भी करों में वृद्धि के बिना*

देखिए कहीं आप भ्रम में न पड़ जाएँ। प्रस्ताव 1 संपत्ति कर नहीं है।

प्रस्ताव 1 के तहत $1 बिलियन सेवानिवृत्त सैनिकों और उनके परिवारों के लिए किफायती आवास ऋणों के लिए समर्पित है, जिसे वे समय के साथ धीरे-धीरे चुकाएंगे। प्रस्ताव 1 का अधिशेष मौजूदा राज्य निधि द्वारा कवर किया जाएगा।

California प्रस्ताव 1 द्वारा संघीय आवास निधि का लाभ उठा सकेगा: प्रस्ताव 1 से निवेश किए जाने वाले प्रत्येक डॉलर के लिए लगभग $3।

*प्रस्ताव 1 घरों का निर्माण करके कई जीवनों की सुरक्षा करेगा*

पूरे राष्ट्र की करीब एक-चौथाई आवासहीन जनसंख्या, और सबसे अधिक सेवानिवृत्त सैनिकों और आवासहीनता का अकेले सामना करने वाले युवक California में रहते हैं। हम हालात बेहतर कर सकते हैं।

प्रस्ताव 1 आवासहीनता के संकट को कम करने में मदद करेगा और सुरक्षित, किफायती घर प्रदान करके हमारे सेवानिवृत्त सैनिकों को सम्मान उपलब्ध कराएगा।

California के भीषण आवास संकट को संबोधित करने के लिए प्रस्ताव 1 पर हाँ का मतदान करें, और सभी California वासियों के लिए एक सुरक्षित, किफायती घर सुनिश्चित करने में मदद करें।

**KATHY MOORE,** कार्यकारी निदेशक
हिंसा को समाप्त करने हेतु California की भागीदारी

**DEBORAH JOHNSON,** अधिपति
California Veterans Assistance Foundation

**JENNIFER HARK DIETZ,** LCSW**,** कार्यकारी निदेशक
People Assisting The Homeless (PATH)

*इस पृष्ठ पर मुद्रित तर्क लेखकों के अपने विचार हैं, और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनकी जांच नहीं की गई है।*